राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

क्रमांकः-राराशैअप्रप/उदय/प्र-आयो0प्रब0/ Digital Section/2020/ दिनांकः- 09 /05/20

प्रधानाचार्य,
समस्त डाइट

विषय : SMILE कार्यक्रम कि सघन मॉनिटरिंग में सहयोग सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में।

प्रसंग- रास्कूशिप/जय/ICT/ SMILE /2020/WFH दिनांक : 27.04.2020 एवं आज दिनांक 09-05-20 को SMILE core समूह की आयोजित बैठक के निणर्यानुसार।

उपर्युक्त विषय एवं संदर्भित प्रसंग के क्रम में लेख है कि घर पर ही सुरक्षित रहकर विद्यार्थियों को उनके कक्षा स्तर और पाठ्यक्रम अनुसार ई-कंटेंट सुलभ हो सके इस हेतु SMILE (Social Media Interface for Learning Engagment) प्रोजेक्ट के माध्यम से आपके जिले में कार्यरत PEEO व शहरी क्षेत्र में पाठ्यपुस्तक नोडल संस्था प्रधान अपने परिक्षेत्र में अधीनस्थ शिक्षकों और अभिभावकों के Whatsapp Group के माध्यम से ई-कटेंट एवं हवामहल टेम्पलेट विद्यार्थी तक पहुंचा रहे है।

इस सम्बन्ध में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर द्वारा प्रासंगिक पत्र के माध्यम से संयुक्त निदेशक एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समस्त को निर्देशित किया गया था कि जिला स्तर पर कार्यरत समस्त शिक्षा अधिकारी जैसे मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी समस्त, अति. जिला शिक्षा अधिकारी समस्त , ए.डी.पी.सी. समसा एपीसी समसा, पी. ओ. समसा, सहायक निदेशक आदि एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यरत शिक्षा अधिकारी जैसे सीबीईओ, एसीबीईओ, आर.पी. आदि स्वयं ब्लॉक/पीईईओ/पाठ्यपुस्तक नोडल संस्था प्रधान द्वारा निर्मित शिक्षकों व अभिभावकों के न्यूनतम 5-5 Wattsapp Groups में स्वयं को जोड़े और मोनिटरिंग करें कि-

1. क्या कटेंट लिंक मेसेज तय समय 9 बजे प्रतिदिन विद्यार्थी / शिक्षक तक पहुंच रहा है?
2. निर्देशानुसार क्या ग्रुप में Admin only can send message कि सेटिंग लागू है ?
3. अवांछित या प्रोजेक्ट के अतिरिक्त अपमाणिक सामग्री तो ग्रुप्स में नही भेजी जा रही है?
4. क्या परिक्षेत्र के अधिकतम अभिभावक/विद्यार्थी / शिक्षक प्रोजेक्ट के ग्रुप से लाभान्वित हो रहे हैं ?
5. अन्य बिंदु जो मोनिटरिंग उद्देश्य से आप महत्वपूर्ण समझे

आवश्यकतानुसार एक निश्चित समय अन्तराल पर आप ग्रुप्स बदल कर माइक्रो स्तर मोनिटरिंग करते हुए नीचे अंकित ऑनलाइन फीडबैक फॉर्म के लिंक पर अपनी मोनिटरिंग रिपोर्ट से राज्य टीम को अवगत करायें :

फीडबैक लिंक - https://bit.ly/2y2uOLC

अतः उक्त क्रम में समस्त प्रधानाचार्य डाइट को निर्देशित किया जाता है की मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के साथ समन्वय करते हुए, डाइट के समस्त अकादमिक अधिकारीयों को मॉनिटरिंग कार्य में सहयोग देने हेतु आदेशित करें एवं ऑनलाइन फीडबैक फॉर्म के लिंक पर अपनी मोनिटरिंग रिपोर्ट से राज्य टीम एवं राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद् के व्यावसायिक शिक्षक शिक्षा प्रभाग को अवगत करावें।

09/5/20
निदेशक
RSCERT उदयपुर, राजस्थान

प्रतिलिपि सूचनार्थ :--

1. निजी सचिव, शासन सचिव स्कुल शिक्षा विभाग शासन सचिवालय राजस्थान जयपुर।
2. निजी सहायक, आयुक्त राजस्थान स्कुल शिक्षा परिषद जयपुर।
3. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान राजस्थान जयपुर।
4. निजी सहायक, निदेशक माध्यमिक / प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर।
5. संयुक्त निदेशक समस्त एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समस्त।
6. रक्षित पत्रावली।

निदेशक
RSCERT उदयपुर, राजस्थान

www.rajteachers.com

111, सहेली मार्ग, सहेलियों की बाड़ी के सामने, उदयपुर 313001 फ़ोन 0294-2415171,
मेल आई डी : director.rscert@rajasthan.gov.in, वेब साईट : education.rajasthan.gov.in/siert